52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.0°c अधिकतम 15.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त : 5:28 | वर्ष : 52/ अंक : 360 | रविवार, 29 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

अपने काम के प्रति समर्पण ही ईश्वर के प्रति पूजा के समान है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सरकार न तो स्कूल खुलवाती है, न अस्पताल। अगर कुछ बनाया जाता है तो वो है पुलिस चौकी और शराब खाने : औवेसी



शैतानों का ईलाज चौकी में होता है..... दीवानों का ........

# दुकानदार रहें तैयार, ठिठुरन वाली ठंड में गर्म होगा रूम हीटर व गर्म कपड़ों का बाजार

## -अंसारी व रुड़की रोड पर सजा है हीटर का बाजार -गर्म कपड़ों के लिए दुकानदार कर रहे ग्राहकों का इंतजार

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** जब भी मौसम बदलता है तो कुदरत के नियम के अनुसार किसी को फायदा तो किसी को नुकसान होता है। जैसा कि शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई तो आम दुकानदार हाथ पर हाथ रखे बैठे ही दिखाई दिये। ऐसे में आने वाले दिनों में ठिठुराती ठण्ड से बचाव के लिए बाजारों में खरीदारी के लिए ग्राहक निकलता दिखाई देगा। अभी तक बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी का कोई विशेष रुझान नहीं था। लोगों ने पुरानी जरकीन, जर्सी, कोट से ही अभी तक काम चलाने की कोशिश की। महिलाओं के कार्डिगन, कोट भी कम ही बिकते दिखाई दिये, मगर तेज बारिश होने से अब दुकानदारों को मुस्तैद होकर बैठना होगा, क्योंकि अब सर्दी की खरीदारी का बाजार गर्म हो जायेगा और लोग नए-नए कपड़े खरीदने के लिए बाजारों में उतरेंगे। ठीक इसी तरह पिछले चार पांच वर्षों में रूम हीटर का चलन भी बढ़ा है। अधिकांश घरों में ठण्ड से अपने बच्चों को





बचाने के लिए लोग 800 से 2000 रुपये तक के रूम हीटर आम तौर पर खरीद रहे हैं, जिनमें अपनी क्षमता के अनुसार बिजली खर्च की जा सकती है। एक रॉड में 400 वाट की क्षमता होती है। और तीन रॉड के हीटर में 1200 वाट। ऐसे में बाजार में दो व तीन रॉड के हीटर उपलब्ध हैं। इन हीटरों की खरीदारी के लिए भी अब बाजारों में ग्राहक उमड़ता दिखाई देगा। शहर के अंसारी रोड पर बिजली का बड़ा बाजार है। रुड़की रोड पर भी दुकानों के बाहर ही दुकानदार इन हीटरों को सजाए हुए हैं, जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। नए-नए डिजाइन आप अपनी इच्छा के अनुसार खरीद सकते हैं। किसी को मजबूती पसंद आती है तो किसी को हीटर का आकर्षक दिखना। ऐसे में उसी के अनुसार इनकी कीमत तय की गयी है। कुल मिलाकर अब गर्म कपड़ों व हीटर का बाजार खुद गर्म होता दिखाई देगा।

# मनमोहन सिंह राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में हुए विलीन

**नयी दिल्ली, 28 दिसंबर (वार्ता)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को यहां निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया और उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नमगायेल वांगचुक, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ ही कई केंद्रीय मंत्री, राजनयिक तथा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही कांग्रेस में कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद उनके पार्थिव शरीर को काफिले के साथ निगमबोध घाट लाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े, लेकिन निगम बोध घाट पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त होने के करण जो लोग कांग्रेस मुख्यालय से शव यात्रा में करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर घाट पर पहुंचे उनमें सबको अंदर जाने नहीं दिया गया। गौरतलब है कि डॉ. सिंह का 92 साल की उम्र में 26 दिसंबर रात करीब 9 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। डॉ. सिंह के निधन के बाद उनका स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस तथा भाजपा के बीच जमकर सियासत हो रही है हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि ट्रस्ट बनाकर डॉ. सिंह का समाधि स्थल बनाया जाएगा। डॉ. सिंह 2004 से 2014 तक दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1991 में पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार में वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने देश में उदारवादी आर्थिक सुधार लागू किया जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई रिपीट नई ऊंचाई मिली। डॉ. सिंह 1982-1985 तक रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और साल 1985 में योजना आयोग के उपाध्यक्ष बने। फिर वह 1990 में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार नियुक्त हुए। वह दिल्ली विश्वविद्यालय में भी प्रोफेसर रहे।



## मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया गुटेरेस ने

**न्यूयार्क, 28 दिसंबर (वार्ता)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये भारत और संयुक्त राष्ट्र के लिए उनके योगदान की सराहना की है। श्री गुटेरेस ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि डॉ. सिंह ने भारत के हालिया इतिहास में, खास तौर पर इसके आर्थिक क्षेत्र को नयी दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सिंह ने 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के तौर पर देश का नेतृत्व करते हुए महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि और विकास को दिशा दी। उनके नेतृत्व में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के साथ अपने सहयोग को भी मजबूत किया, साथ ही साथ वैश्विक पहलों और साझेदारी में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

## सरकार ने किया मनमोहन का अपमान : राहुल-प्रियंका

**नयी दिल्ली, 28 दिसंबर (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को समाधि स्थल उपलब्ध नहीं कराने पर उनका अपमान बताया और कहा कि वह इसके हकदार थे तथा अंतिम संस्कार के लिए उन्हें समाधि स्थल उपलब्ध कराना चाहिए था। श्री गांधी ने कहा ''भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगम बोध घाट पर करवाकर सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। एक दशक तक वह भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां देश के गरीब तथा पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए।'' उन्होंने कहा ''डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था।'' श्रीमती वाड्रा ने कहा ''पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान न उपलब्ध कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया।


**शोक-संदेश**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य

**श्री अरूण राज शर्मा जी**

का स्वर्गवास शनिवार, 21 दिसम्बर 2024 को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी श्रद्धांजलि सभा आज रविवार, 29 दिसम्बर, 2024 को निज निवास ग्राम- कुतुबपुर, थाना-मीरापुर, जिला-मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होनी निश्चित हुई है।

हवन- प्रातः 9 बजे | ब्रह्मभोज- प्रातः 11 बजे | रस्म पगड़ी- दोपहर 1 बजे

-:शोकाकुल परिवार:-

राजवीर शर्मा (पिता), बलदेव शर्मा, विनोद शर्मा (चाचा)
अरविन्द राज शर्मा, सुशील राज शर्मा (भाई)
अंकुर शर्मा, अनुराग शर्मा, अश्विनी शर्मा (भाई)
हर्ष, नकुल, पार्थ, तपस, शलभ (पुत्र) व समस्त शर्मा परिवार

सम्पर्क सूत्र- 9557291291, 9557788788



**रस्म पगड़ी /तेरहवीं**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती इन्दु संगल पत्नी श्री ज्ञान चन्द संगल, निवासी 50 स्टेट बैंक कॉलोनी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर का स्वर्गवास दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी रस्म पगड़ी निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

**रस्म पगड़ी/तेरहवीं**
**आज रविवार - 29 दिसम्बर 2024**
ब्रह्मभोज (प्रसाद) - दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी - दोपहर 02:00 बजे

स्थान- आशीर्वाद बैंकेट हॉल जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर।

- : शोकाकुल परिवार : -

ज्ञान चन्द संगल (पति)
बसन्त कुमार संगल (देवर)
मनुज संगल - ऋतु संगल (पुत्र-पुत्रवधु)
अनुज संगल- रूपम संगल (पुत्र-पुत्रवधु)
अंजली बंसल - शरद बंसल (पुत्री-दामाद)
गौरव संगल - बबीता संगल
वैभव संगल - शालू संगल
सौरभ संगल - तृप्ति संगल (भतीजे - भतीज वधु)
वर्णिका संगल, कार्तिकेय संगल,
योषिता संगल, आद्या संगल, वरूण संगल,
अनन्या संगल, युविका संगल (पौत्रियां व पौत्र)
राधिका बंसल व अदिति बंसल (नातिन)

-: प्रतिष्ठान :-
लाइफ @ 7/11, द्वारिकापुरी, मुजफ्फरनगर।
सुख-सुविधा होलसेल & रिटेल, द्वारिकापुरी, मुजफ्फरनगर।
बसन्त संस, पान मंडी, मुजफ्फरनगर।

दूरभाष: 9412255517, 8630735551, 9411108401 | नोट- कृपया इस सूचना को ही व्यक्तिगत निमंत्रण की मान्यता प्रदान करें।





## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 28 दिसंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 29 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1530-मुगल शासक बाबर का बेटा हुमायूं उसका उत्तराधिकारी बना। 1778-ब्रिटेन की सेना ने अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत पर कब्जा किया। 1845-टेक्सास अमेरिका का 28वां प्रांत बना था। 1911-सुन यात सेन को नए चीन गणतंत्र का राष्ट्रपति घोषित किया गया था। 1922-नीदरलैंड ने संविधान अंगीकार किया था। 1942-हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता राजेश खन्ना का जन्म हुआ। 1949-यूरोपीय देश हंगरी में उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1972-अमेरिका में फ्लोरिडा प्रांत के एवरग्लैड्स के समीप इस्टर्न त्रिस्टार जम्बो जेट विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 101 लोगों की मौत हुई। 1975-ब्रिटेन में महिलाओं और पुरुषों के समान अधिकारों से जुड़ा कानून लागू। 1977-विश्व का सबसे बड़ा ओपन एयर थियेटर 'ड्राइव' बंबई (अब मुम्बई) में खुला। 1978-स्पेन में संविधान प्रभाव में आया। 1983-भारतीय क्रिकेटर सुनील गावास्कर ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 236 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाये। 1984-कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे भारी बहुमत से संसदीय चुनाव जीता था। 1985-श्रीलंका ने 43,000 भारतीयों को नागरिकता प्रदान की थी। 1988-ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरियाई पोस्ट ऑफिस संग्रहालय बंद हुआ था। 1989-वाक्लाव हाबेल 1948 के बाद पहली बार चेकोस्लोवाकिया के गैर-साम्यवादी राष्ट्रपति चुने गये। 1996-नाटो के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए एकत्र होकर कार्य करने के मुद्दे पर रूस एवं चीन में सहमति। 1998-विश्व के पहले परमाणु बम बनाने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक रेगर सक्रेबर का निधन। 2006-चीन ने राष्ट्रीय रक्षा पर श्वेत पत्र जारी किया था। 2008-प्रसिद्ध चित्रकार मंजीत बाबा का निधन हुआ था। 2015-विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी को इबोला से मुक्त घोषित किया। 2019-पेजावर मठ के प्रमुख स्वामी विश्वेशतीर्थ का निधन हुआ।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1500, रसकट ढैया 1230-1246, चाकू 1500-1688, लड्डू 1550-1650, खुरपापाड़ 1475-1485, शक्कर मसाला 1650-1675। आमद- 3000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78650 | चांदी- | 89250 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58830 |

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 29 दिसम्बर, 2024

**मेष-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, आकस्मिक लाभ का सुयोग, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति।
**वृषभ-** ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संबंधों में प्रगाढ़ता, कर्ज निवृत्ति का प्रयास, अध्यवसाय में रुझान, संभावित यात्रा सफल।
**मिथुन-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास निरर्थक, वाद-विवाद से अशांति, निष्प्रयोजन व्यय, विचारों में उग्रता, लाभार्जन में व्यतिक्रम, प्रतियोगिता में असफलता।
**कर्क-** आत्मविश्वास में कमी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद की आशंका, व्यर्थ भ्रमण, आर्थिक उन्नति में व्यवधान, प्रियजनों से मतभेद, मानशिक अशांति।
**सिंह-** आरोग्य सुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना, पारिवारिक कष्ट, शत्रु प्रभावी, वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण, यात्रा निष्फल।
**कन्या-** परिस्थितियाँ सुधार पर, सुसमाचार की प्राप्ति, राजकीय पक्ष से लाभ, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, संत समागम, धर्म में रुचि, आत्मिक शांति।
**तुला-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोललास का वातावरण, मंगल आयोजन सम्पन्न, धर्म-अध्यात्म में रुचि।
**वृश्चिक-** मनोवांछित सफलता का सुअवसर, व्यापार में धन निवेश, पुरातन विवाद समापन, मांगलिक कृत्य सम्पादित, व्यक्तित्व का विकास, भोग-विलास।
**धनु-** योजना साकार होने की ओर, राजनीतिक क्रिया-कलापों में रुचि, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, धन संचय में प्रवृत्ति, आत्मीयजनों से विचार, दाम्पत्य सुख।
**मकर-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, आर्थिक-व्यावसायिक सफलता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, स्थान-परिवर्तन का कार्यक्रम, जनसम्पर्क में कमी।
**कुम्भ-** ग्रहयोग बेहतर, कठिनाइयों का निराकरण, बुद्धि चातुर्य से संकल्पसिद्धि, यश-मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, राजनैतिक-सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि।
**मीन-** पराक्रम में वृद्धि, कार्यों में सफलता का सुयोग, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, यश में वृद्धि, आत्मीयजनों से सहयोग, सुसमाचार से परिवार में हर्षोल्लास।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# स्कूल में पढ़ने गई युवती गायब पुलिस तलाश में जुटी

**जानसठ, 28 दिसम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री कस्बे में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। बृहस्पतिवार को वह रोज की तरह स्कूल में पढ़ने गई थी। स्कूल के बाद वह घर वापस नहीं लौटी है। उसने पुलिस से युवती को बरामद करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री कस्बे में स्थित एक कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती है। बृहस्पतिवार की सुबह रोज की तरह वह स्कूल में पढ़ने गई थी, जब वह स्कूल की छुट्टी के बाद भी घर वापस नहीं लौटी, तो स्वजन ने उसे आसपास और रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली, तो व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री को ढूंढने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही तलाश कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## थाना समाधान दिवस में मात्र एक शिकायत आई

**जानसठ, 28 दिसम्बर (बु.)।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मात्र एक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आया, जिसका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शनिवार को थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा व नायब तहसीलदार अजय कुमार ने संयुक्त रूप से की। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि थाना समाधान दिवस में आज मात्र एक शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आया। उसकी शिकायत सुनकर मौके पर ही शिकायत का निस्तारण करा दिया गया। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की यदि किसी भी क्षेत्रवासी को कोई समस्या होती है, तो वह अपनी समस्या लेकर थाना समाधान दिवस में आ सकता है। शिकायतकर्ता की समस्या का तुरंत समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम रूप किशोर शर्मा, नायब तहसीलदार अजय कुमार व पुलिस और तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

# जानसठ कचहरी में वकीलों के नामों के फ्लेक्सी बोर्ड फाड़े, वकीलों ने मामले पर जताया गहरा रोष

**जानसठ, 28 दिसम्बर (बु.)।** कचहरी में शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वों ने कुछ वकीलों के नाम के फ्लेक्सी बोर्ड फाड़ डाले, जिसको लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। एनएचएआई ने पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के दौरान कुछ अधिवक्ताओं के चेंबर तोड़ दिए थे। इसके बाद अधिवक्ताओं ने पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के बराबर में कचहरी परिसर में खाली पड़ी जगह पर अपने टीनशेड डाल लिए थे। उन पर अपने नामों के फ्लेक्सी बोर्ड भी लगाए थे। शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वों ने इन वकीलों के फ्लेक्सी बोर्ड फाड़ दिए। शनिवार सुबह अधिवक्ता अपनी सीटों पर पहुंचे, तो फ्लेक्सी बोर्ड फटे देखकर उनमें रोष व्याप्त हो गया।

## मनमोहन के अंतिम संस्कार स्थल को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ा

**नयी दिल्ली, 28 दिसम्बर (वार्ता)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के लिए एक अलग स्थान आवंटित नहीं किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर अपमान किया जा रहा है। वहीं भाजपा ने कहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में एक स्मारक बनाया जाएगा और इसके लिए भूमि अधिग्रहण, ट्रस्ट के गठन और भूमि हस्तांतरण जैसी प्रक्रियाओं के पूरा होने में समय लगेगा। कांग्रेस ने नेता जयराम रमेश ने कल देर रात 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर किया जाए जहां उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए एक स्मारक बनाया जा सके। श्री रमेश ने कहा, ''हमारे देश के लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि भारत सरकार उनके वैश्विक कद, उत्कृष्ट उपलब्धियों के रिकॉर्ड और दशकों तक राष्ट्र की उल्लेखनीय सेवा के अनुरूप उनके अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए कोई स्थान क्यों नहीं ढूंढ सकी। यह कुछ और नहीं, भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जानबूझकर किया गया अपमान है।'' इस पर भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने आज सुबह कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार देश के आर्थिक विकास का एक प्रमुख आधार रहे नेता को समुचित सम्मान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी को देखते हुए कल कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि डॉ. मनमोहन सिंह की याद में एक स्मारक और समाधि बनाई जाएगी।

# एसडीएम मोनालिसा ने किया गौशालाओं का निरीक्षण



**खतौली, 28 दिसम्बर (बु.)।** शरद ऋतु व भीषण वर्षा को संज्ञान में लेकर उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ नगर क्षेत्र की गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने नगर पालिका परिषद् खतौली, गांव गंगधाड़ी, गांव तिगाई आदि स्थित गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा गौशालाओं में गौवंशों के लिए उपलब्ध चारा-चोकर आदि खाद्य सामग्री के स्टाक की जांच पड़ताल सहित गौशालाओं में तैनात कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा शरद व वर्षा के मौसम को संज्ञान में लेते हुए गौवंशों के रहने के लिए शीत से बचाव के लिए शैड का व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये। कहा कि समय समय पर पशु चिकित्सकों के द्वारा गौवंशों के स्वास्थ्य के परीक्षण तथा आवश्यकता अनुसार दवाईयों की समुचित व्यवस्था पर बल दिया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा सर्दी व वर्षा के चलते अचानक किये गये निरीक्षण से गौशाला कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा। उल्लेखनीय है कि उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा नगर क्षेत्र में स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं शरद ऋतु में कोई असहाय स्त्री और पुरुष खुले में सड़कों पर न सोये, इसको ध्यान में रखते हुए रैन बसेरों का भी लगातार रात्रि में निरीक्षण करने का बना क्रम नागरिकों द्वारा मन से सराहा जा रहा है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया गौशाला का निरीक्षण

**जानसठ, 28 दिसम्बर (बु.)।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने बरसात के दौरान कस्बे में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौवंश के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कस्बे में संचालित गौशाला का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ गौवंश को सर्दी व बरसात से बचाने को लेकर जानसठ और ग्राम खाईखेड़ा में स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। पशुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गौशाला के व्यवस्थापकों से पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा।
पशुओं के लिए चारे, चोकर, साफ सफाई और तिरपाल आदि का जायजा लिया। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने पशु चिकित्सक की उपस्थिति के विषय में भी जानकारी ली, जिससे कि बीमार पशु को शीघ्र चिकित्सा मिल सके। उन्होंने जिला पंचायत अधिकारियों को भी फोन पर निर्देश दिए कि जिला पंचायत द्वारा संचालित गौशालाओं को सभी आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाएं। निरीक्षण के समय रामकुमार शर्मा, रविंद्र चौधरी, महिपाल राठी आदि उपस्थित रहे।

# टैक्स बार के शलभ कौशिक अध्यक्ष और असगर मेंहदी बने महासचिव





**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा का आयोजन रुड़की रोड स्थित एक रेस्टोरन्ट में किया गया। पूर्व सचिव राज कुमार शर्मा ने वर्ष 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके अरोरा ने पूर्व में किए बार हित के कार्यों का व्याख्यान किया। उन्होंने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए बार एवं अधिवक्ता हित में कार्य किए जाने की आशा व्यक्त की। टैक्स बार एसोसिऐशन की साधारण सभा में चुनाव अधिकारी आरके शर्मा द्वारा सभी सदस्यों की सहमति के बाद टैक्स बार की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में जहां टैक्स बार के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता शलभ कौशिक को घोषित किया गया। वहीं असगर मेंहदी को महासचिव पद पर निर्विरोध चुने जाने के बाद घोषित किया गया। टैक्स बार एसो. के अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों में उपाध्यक्ष जीएसटी रवि शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष इनकम टैक्स मुकेश कुमार ढींगरा, सचिव जीएसटी सुधीर तायल, सचिव इनकम टैक्स अंकुर मैनी, सचिव वित्त दीपक शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ सदस्य के रूप में नीरज पाल, रमेश चन्द मिश्रा, मनीष कुमार गुप्ता, विजय कुमार जैन, विकास वत्स, अमित कुमार, प्रवीण कुमार गुप्ता को मनोनीत किया। इस दौरान मुख्य रूप से रोहताश कर्णवाल, शहजाद आलम, कृष्ण कुमार, शलभ गर्ग, अभिलाष कुमार, अमित तायल, निधिश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# प्रदूषण को कम करने के लिए यज्ञ हवन जरुरी



**बुढ़ाना, 28 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे में आयोजित अथर्ववेद महायज्ञ शनिवार को पूरा हो गया है, मगर रविवार को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। शनिवार को भी भजन उपदेशक ने धर्म-प्रेमियों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और जीवन के असल उद्देश्य के बारे में भी विस्तार से बताया। महायज्ञ के चौथे दिन भी सुबह और शाम की पाली में आहुति देने के लिए लोगों का आना लगातार चलता रहा। बुढ़ाना में जिला बार संघ के अध्यक्ष व सपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद त्यागी की ओर से उनके आवास पर अथर्ववेद पारायण महायज्ञ बुधवार को शुरू हुआ था। महायज्ञ में गुरुकुल लक्ष्यगृह बरनावा के आचार्य व वेदपाठियों ने मंत्रोच्चार किया। धर्म-प्रेमियों ने आहुति प्रदान की। महायज्ञ के चौथे दिन गुरुकुल लक्ष्यगृह बरनावा के आचार्य व वेदपाठियों ने संगत को यज्ञ के विषय में विस्तार से जानकारी दी। शाम को सुप्रसिद्ध भजन उपदेशक नरेश निर्मल ने विभिन्न भजनों की प्रस्तुति की। साथ ही आर्य समाज के विद्वान गुरुबचन शास्त्री व डॉ. योगेश शास्त्री ने कहा कि ईश्वर निराकार व सर्वव्यापी है। प्रकृति को हम जितना दूषित करते हैं, उस प्रदूषण को कम करने के लिए हमें यज्ञ करना चाहिए। यहां नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी, बुढ़ाना बार संघ अध्यक्ष विनोद त्यागी, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी, अंकित कुमार, अंकुर संगल, मनोज त्यागी, पवन त्यागी, सचिन पाल, निर्दोष त्यागी, आदित्य त्यागी, दुष्यंत त्यागी, अमित गर्ग, राजेश्वर गर्ग, ओमपाल मलिक, प्रशांत शर्मा, पवन त्यागी, कलवा त्यागी, नीलू त्यागी, विनोद त्यागी, राजू पांचाल, लोकेश शर्मा, डोला गर्ग, अंकित त्यागी, अवि त्यागी आदि मौजूद थे।

## प्रयागराज में हाईटेंशन टावर गिरा, आठ मजदूर घायल, तीन गंभीर

**प्रयागराज, 28 दिसम्बर (एजेंसी)। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के बीच बड़ा हादसा हो गया। हाईटेंशन तार खींचते समय टावर गिर जाने से आठ मजदूर घायल हो गए। हादसे में एक मजदूर का पैर कटने की बात सामने आ रही है। कई मजदूर टावर के नीचे दब गए। हादसे में कुल आठ मजदूर घायल हुए हैं। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रायइनायत थाना क्षेत्र के जगबंधनपुर सहसों गांव में रिंग रोड के पास हाईटेंशन तार खींचने का कार्य चल रहा था। तार खींचते समय खंभा टूटकर नीचे गिर गया, इससे पांच मजदूर घायल हो गए हैं।**

# एसडीएम से की सफाई कर्मचारी की शिकायत, दो वर्षों से गांव लोई में नहीं हो रही साफ-सफाई



**बुढ़ाना, 28 दिसम्बर (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव लोई में लगभग दो वर्षों से साफ-सफाई नहीं हुई है, जिसके चलते गांव के कुरैशी समाज के लोगों में उक्त महिला सफाई कर्मचारी के खिलाफ रोष है। इसी को लेकर शनिवार के दिन एसडीएम कार्यालय को एक प्रार्थना पत्र देकर बुढ़ाना एसडीएम से गांव लोई में साफ-सफाई कराए जाने की मांग की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव लोई के कुरैशी समाज के कुछेक जिम्मेदार लोगों, जिनमें मुख्य रूप से सुल्तान, अय्यूब, आजम, इमरान, ममदू, जुबैर, कुर्बान, अफसर, अबरार, शमशाद और शाहनवाज आदि ने शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील में पहुंचकर एसडीएम कार्यालय को दिए एक प्रार्थना पत्र में बताया कि सुमन रानी पत्नी तेजपाल जो कि ग्राम पंचायत लोई में सफाई कर्मचारी है। लगभग दो सालों से यह महिला सफाई कर्मचारी कुरैशी समाज के मौहल्लों में बिल्कुल भी सफाई नहीं करती है। यहां के कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों के कहने पर भी यह सफाई करने नहीं आती है, जिसके चलते यहां कुरैशी समाज की बस्ती में जगह-जगह पर गंदगी का जबरदस्त आलम है। गांव के बच्चे और बड़े बुजुर्ग कभी भी रपटकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इसलिए गांव लोई की सफाई कराई जाए ताकि कोई भी बीमारी जन्म नहीं ले सके।

# डीएम से रविदास जयंती पर अवकाश घोषित कराने की मांग

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने संत रविदास अनुयायियों के साथ सौंपा एडीएम प्रशासन को ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा से जुड़े पदाधिकारियों ने रविवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर डीएम के नाम ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा।
उक्त ज्ञापन के माध्यम से संत शिरोमणि रविदास जयंती पर अवकाश घोषित कराए जाने की मांग की।
भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री यशवीर सिंह के नेतृत्व में रविवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे संत रविदास के अनुयायियों ने एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह से मुलाकात करते हुए उनको डीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर में बीते 20 वर्षों से परंपरागत रूप से संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयंती पर डीएम द्वारा स्थानीय/सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता रहा है, परंतु किन्हीं कारणवश वर्ष 2024 की अवकाश सूची में संत गुरू रविदास जयंती पर तत्कालीन जिलाधिकारी के द्वारा अवकाश घोषित नहीं किया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी से इस संबंध में भेंट कर ज्ञापन दिया तो उनके द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 में आचार संहिता लगी होने के कारण अवकाश घोषित करने में खेद प्रकट करते हुए भरोसा दिया गया था कि वर्ष 2025 की अवकाश सूची में आवश्यक रूप से संत शिरोमणि गुरू रविदास जयंती पर स्थानीय/सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर में संत शिरोमणि रविदास जी के अनुयायी अधिक संख्या में निवास करते हैं व जयंती पर शुक्रताल सहित जनपद में हर गांव और कस्बों में धूमधाम से शोभायात्रा का आयोजन करते हुए पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने मांग की है कि 12 फरवरी 2025 को संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर जनपद में अवकाश घोषित किया जाये। इस दौरान मुख्य रूप से यशवीर सिंह, चतर सिंह, विकल कुमार, बाबू सिंह व ललित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हिमाचल में 60 साल पुराने शिव मंदिर पर चला बुलडोजर, विरोध में उतरे लोग

**हमीरपुर, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** जिला हमीरपुर के सुजानपुर से थुरल हाईवे पर कुठेड़ा क्षेत्र में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण की जद में आए वर्षों पुराने शिव मंदिर को गिरा दिया गया। एक व्यक्ति की शिकायत के बाद प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में लोक निर्माण विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई। मंदिर के साथ ही एक व्यक्ति के मकान के छज्जे को भी तोड़ा गया है। मकान का यह छज्जा भी अतिक्रमण के दायरे में आ रहा था। मंदिर को गिराने के लिए जैसे ही लोक निर्माण विभाग प्रशासन और पुलिस के साथ पहुंचा वैसे ही ग्रामीणों का विरोध शुरू हो गया।
ग्रामीण मंदिर गिरने के विरोध में सड़क मार्ग पर उतर आए। इनका कहना था कि यह मंदिर लगभग 60 साल पुराना है और क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रतीक है। पहले यहां पर सिर्फ मूर्तियां ही होती थीं, लेकिन लोगों ने आपसी सहयोग से इस मंदिर का निर्माण करवाया था। ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि यदि मंदिर को गिराया गया है तो फिर इलाके की पूरी जांच की जाएगी और जिन लोगों ने सरकारी भूमि पर कोई निर्माण किया है उसे भी हटाया जाए। ग्रामीणों का कहना था कि मंदिर को इस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए। आस्था से जुड़े मंदिर को हटाने से पूर्व परिस्थितियों को भागते हुए लोक निर्माण विभाग ने पुलिस विभाग की मदद ली थी। ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करने के लिए तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। लोगों के विरोध के बीच अतिक्रमण के दायरे में आए मंदिर को गिरा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार किसी एक व्यक्ति ने सुजानपुर से थुरल हाईवे पर अतिक्रमण के संदर्भ में शिकायत की थी। इसके बाद पाया गया कि कुठेड़ा के पास मंदिर और एक मकान का छज्जा अतिक्रमण के दायरे में आ रहा है। मामले की पूरी जांच करने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंचे। यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों को देखकर ग्रामीण भड़क गए और मंदिर को ना गिरने की बात कहने लगे। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि अतिक्रमण कई जगहों पर हुआ है वहां पर तो ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। क्षेत्र के लोगों के आस्था के प्रतीक इस मंदिर को क्यों गिराया जा रहा है। ग्रामीण लोगों का कहना है कि लगभग 60 साल पुराना यह मंदिर है। उन्होंने कहा कि पहले यहां पर सिर्फ मूर्तियां होती थी, लेकिन लोगों ने मिलकर यहां पर मंदिर का निर्माण किया। उनका कहना था कि मंदिर को नहीं गिरना चाहिए था। महिला दिन जब आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई लोगों ने इस तरह के अतिक्रमण कर रखे हैं उनके ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक शर्मा का कहना है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने शिकायत की थी जिसके आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण किया गया है तो वहां भी कार्रवाई की जाएगी।

# हैंड्स फ्री बाइक व्हीली में वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने वाले फौजी सुमित का अभिनंदन

## 1714 मीटर हैंड्स फ्री मोटर साईकिल चलाकर गिनीज बुक में दर्ज कराया नाम



**बुढ़ाना, 28 दिसम्बर (बु.)।** टीवीएस अपाची 200 सीसी 1714 मीटर हैंड्स फ्री मोटर साईकिल व्हीली प्रतियोगिता में अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने वाले फौजी सुमित तोमर का शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मास्टर कॉलोनी में स्थित रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के आवास पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यहां पर सभी ने सुमित के साथ फोटो खिंचवाए और सेल्फी ली। बताया जाता है कि फौजी सुमित तोमर जनपद बागपत के गांव बिजरोल के निवासी हैं। वे रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के बुलावे पर परिवार सहित बुढ़ाना आए हुए थे। उन्होंने बताया कि वे बाबा शाहमल के वंशज फौजी रमेश तोमर के पुत्र हैं। सेना में देश सेवा के साथ-साथ ही खेल में भी उच्च प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हाल ही में स्वीडन के प्रतिद्वंदी इलियट गोंधल राइडर का 918 मीटर हैंड्स फ्री मोटरसाइकिल व्हीली का रिकॉर्ड ब्रेक किया है। उन्होंने 1714 मीटर का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से दिल्ली पुलिस से रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर रामछेल राठी शाहडब्बर, माता सरोज देवी, पत्नी वर्षा तोमर,

## यूपी महिला स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर को तीसरा स्थान

**शाहपुर, 28 दिसम्बर (बु.)।** जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव मा. रामपाल सिंह ने बताया कि 23 से 25 दिसंबर तक बलिया के सहतवार बड़ा पोखरा के मैदान पर आयोजित 51वीं यूपी महिला स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद की टीम ने अपने पूल के मैच जीतने के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में जनपद की टीम का मुकाबला शामली जनपद की टीम के साथ हुआ, जिसमें जनपद की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शामली की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल में जनपद की टीम का मुकाबला यूपी पुलिस महिला कबड्डी टीम के साथ हुआ। संघर्ष पूर्ण मुकाबले में यूपी पुलिस की टीम के 24 अंकों के मुकाबले जनपद की टीम ने 20 अंक प्राप्त किए, जिसके चलते जनपद की टीम चार अंकों से पराजित हुई। उन्होंने बताया कि जनपद की टीम को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

# कुन्दरकी से जीते भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने दी सीधी चुनौती-सपा प्रमुख अखिलेश यादव मेरे सामने चुनाव लड़ें



**मुरादाबाद, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपचुनाव में एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद विधायक ने समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के साथ ही कांग्रेस पर कड़ा हमला बोला है।
रामवीर सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव और उनकी पार्टी केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से 7 सीटों के सीसीटीवी फुटेज की मांग की है, जहां भाजपा ने जीत दर्ज की। उन्होंने सवाल उठाया कि 9 सीटों की फुटेज की मांग क्यों नहीं की गई। यह सिर्फ कुंदरकी को निशाना बनाने का प्रयास है। रामवीर सिंह ने दावा किया कि कुंदरकी में मुस्लिम मतदाताओं के बीच उनकी गहरी पैठ है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस यह मानने को तैयार नहीं हैं कि मुस्लिम समुदाय अब उनका समर्थन छोड़ रहा है। रामवीर सिंह के अनुसार, सपा केवल चर्चा में बने रहने के लिए ऐसे बयान दे रही है। भाजपा विधायक ने चुनौती देते हुए कहा कि यदि अखिलेश यादव को उनकी लोकप्रियता पर शक है, तो वे उनके सामने चुनाव लड़कर देख लें। रामवीर सिंह ने कहा कि यदि अखिलेश मुझसे चुनाव हार जाते हैं, तो उनकी हकीकत सबके सामने आ जाएगी।
रामवीर सिंह ने सपा पर कुंदरकी क्षेत्र में अत्याचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि सपा को सच्चाई जाननी है, तो वे यहां अपनी टीम भेजकर जमीनी हकीकत को समझ सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र के लोगों ने सर्वसमाज के समर्थन के साथ भाजपा को चुना है। सपा पर हमला बोलते हुए रामवीर सिंह ने कहा कि मुस्लिम समुदाय का मोह सपा और कांग्रेस से खत्म हो चुका है। इसके बावजूद वे जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। रामवीर सिंह ने यह भी कहा कि यदि विपक्ष को उनकी जीत पर अब भी संदेह है, तो वे अपने पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को उनके खिलाफ चुनाव लड़कर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कुंदरकी भाजपा विधायक रामवीर सिंह के बयान ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। सपा और कांग्रेस के खिलाफ दिए गए उनके तीखे बयान से यह स्पष्ट है कि आगामी चुनावों में भाजपा और विपक्ष के बीच मुकाबला और तेज होगा।

## अखिलेश बोले- भाजपा अपनी सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे, राजघाट पर ही बने स्मारक



**लखनऊ, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ निगम बोध घाट पर हुआ। उनके निधन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त किया। साथ ही स्मारक बनाने को लेकर उठे विवाद में भी उनका बयान सामने आया है। अखिलेश ने कहा कि राजघाट पर ही उनका स्मारक बनना चाहिए। सपा मुखिया ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। न इस विषय पर किसी राजनीति की आवश्यकता है, न होनी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि डॉ. मनमोहन सिंह की समाधि राजघाट पर ही बननी चाहिए। भाजपा अपनी संकीर्ण सोच का अनुचित उदाहरण प्रस्तुत न करे। इतिहास भाजपा को उसके इस नकारात्मक नजरिए के लिए कभी माफ नहीं करेगा। स्मारक बनाने को लेकर कांग्रेस का आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर करने की मांग की गई थी, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। सरकार ने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## प्रणब मुखर्जी और नरसिम्हा राव

पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। मनमोहन सिंह के निधन के बाद ही से पूर्व प्रधानमन्त्री नरसिम्हा राव और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी भी अचानक चर्चाओं में आ गए। जहाँ मनमोहन सिंह को पूरे देश ने उनकी खूबियों के साथ याद किया, वहीं उन्हें लेकर निकृष्ट राजनीति यानी निचले दर्जे की सियासत भी देखने को मिली,निचले दर्जे की सियासत करने वाले मौत पर भी बाज नहीं आए। कांग्रेस और कुछ दूसरी पार्टियां चाहती थीं कि जहां अंतिम संस्कार होगा, वहीं पर स्मारक भी बनना चाहिए। पार्टी नेता जयराम रमेश ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर सरकार ने यह मांग नहीं मानी, तो यह देश के पहले सिख प्रधानमन्त्री का अपमान होगा। इसी तरह की बातें कुछ और नेताओं ने भी कही सबका जवाब भाजपा नेताओं ने अपनी-अपनी शैली में दे दिया। कुछ भी हो एक महान नेता के निधन पर निचले दर्जे की सियासत अच्छी बात नहीं है। इस राजनीति के बीच भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के लिए एक स्मारक बनाने की घोषणा की है। भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सरकार भारत के आर्थिक विकास में डॉ. सिंह के योगदान का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया और कांग्रेस पार्टी को सूचित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को स्मारक निर्माण के लिए सरकार की मंशा के बारे में बताया। सुधांशु त्रिवेदी ने इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की, जबकि डॉ. सिंह के जीवनकाल में उनका सम्मान नहीं किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डॉ. सिंह नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने दस साल तक देश की सेवा की। त्रिवेदी ने राजनीतिक दलों को,शोक की इस अवधि के दौरान राजनीति से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी की सरकार ने राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए सभी दलों के नेताओं का हमेशा सम्मान किया है। इन सब बयानों के बीच कांग्रेस पर पूर्व प्रधानमन्त्री नरसिम्हा राव के निधन के बाद उनका सम्मान नहीं करने की बातें भी उठ रही हैं और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भी इसलिए याद किया जा रहा है। प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के लिए स्मारक की मांग पर प्रतिक्रिया दी है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा है कि जब बाबा का निधन हुआ, तो कांग्रेस ने शोकसभा के लिए सीडब्लूसी की बैठक बुलाने की भी जहमत नहीं उठाई। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने लिखा कि एक वरिष्ठ नेता ने मुझे बताया कि राष्ट्रपतियों के लिए ऐसा नहीं किया जाता। यह बिलकुल बकवास है क्योंकि, मुझे बाद में बाबा की डायरी से पता चला कि पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन की मृत्यु पर,सीडब्लूसी की बैठक बुलायी गयी थी और शोक संदेश बाबा द्वारा ही तैयार किया गया था। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पूर्व कांग्रेस नेता सी.आर. केसवन की एक पोस्ट को शेयर करते हुए ये प्रतिक्रिया दी। सी.आर. केसवन ने अपनी पोस्ट में लिखा है, यह वास्तव में विडंबना है कि खड़गे, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को परंपराओं और अंतिम संस्कार स्थल को स्मारक के लिए पवित्र स्थल बनाने के बारे में लिख रहे हैं। खड़गे जी को याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने पूर्व प्रधानमन्त्री नरसिम्हा राव जी के लिए दिल्ली में कभी स्मारक नहीं बनाया, जिनका निधन 2004 में हुआ था। सी.आर. केसवन ने लिखा कि कांग्रेस ने 2004-2014 तक सत्ता में रहने के 10 वर्षों में उनके लिए कभी स्मारक नहीं बनाया। केवल प्रधानमन्त्री मोदी जी ही थे, जिन्होंने 2015 में नरसिम्हा राव जी के लिए एक स्मारक की स्थापना की और उन्हें 2024 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। मनमोहन जी के मीडिया सलाहकार संजय बारू ने अपनी पुस्तक में दावा किया कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि राव का अंतिम संस्कार दिल्ली में हो, बल्कि हैदराबाद में हो और राव के बच्चों को यह बात बताने के लिए उनसे संपर्क किया गया था। दाह संस्कार हैदराबाद में हुआ, जबकि राव के पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में नहीं रखा गया। शव मुख्यालय तक आया मगर उसका द्वार नहीं खुला। सिद्धांतहीन कांग्रेस के ऐतिहासिक पापों को हमारा राष्ट्र न तो कभी भूलेगा और न ही माफ करेगा। मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार ने कांग्रेस की आंतरिक राजनीति और पार्टी की नीतियों को उजागर किया है, जिस तरह मनमोहन सिंह का दिल्ली में अंतिम संस्कार किए जाने और स्मारक बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने जोर लगाया है, वैसा ही नरसिम्हाराव के लिए करती तो लोगों के मन में पार्टी के लिए सम्मान और बढ़ जाता। कांग्रेस ने राव को कभी उनके योगदान के मुताबिक सम्मान नहीं दिया। राव के निधन के बाद उनकी उपेक्षा ने पार्टी की छवि पर सवाल खड़े किए थे। कहा तो यहाँ तक जा रहा है कि कांग्रेस ने गांधी परिवार से बाहर के किसी नेता को सम्मान नहीं दिया, चाहे वो बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर हों, सरदार वल्लभ भाई पटेल हों, लालबहादुर शास्त्री हों, सीताराम केसरी हों, प्रणब मुखर्जी हों या नरसिम्हा राव हों। राव का निधन 23 दिसंबर 2004 को हुआ था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनका शव दिल्ली तक नहीं लाने दिया और न ही उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में करने दिया। राव ने देश की अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़े कदम उठाए, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कभी एक सशक्त नेता के रूप में स्वीकार नहीं किया। नरसिम्हा राव के अन्तिम संस्कार को हैदराबाद में करने पर राजी होने के लिए उनके परिवार ने यह शर्त रखी कि दिल्ली में उनके लिए एक स्मारक बनाया जाएगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं में इस पर भी असहमति बनी रही। राव के योगदान को अंत में भारत रत्न जैसे सम्मान मिले, जो उनके प्रधानमंत्री रहते हुए उन्हें नहीं दिए गए थे। यह सम्मान बीजेपी सरकार ने दिया, जबकि कांग्रेस ने उन्हें उनके जीवनकाल में वह सम्मान नहीं दिया। इससे साफ पता चलता है कि पार्टी ने अपनी राजनीतिक नीतियों और व्यक्तिगत सोच को राव के योगदान से अधिक महत्व दिया।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'टिकट' 'ब्लैक' 'सियासत' 'तंज'

जो टिकट का ब्लैक करते थे पुराने दौर में,
वो छिछोरे भी सियासी तंज करने लग गए।
गिर गयी कितना सियासत क्या जमाना आ गया,
जेब कतरे भी सियासी तंज करने लग गए।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



अत्यन्त शोक के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **श्री समीर अग्रवाल जी**
(सुपुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल जी)
का स्वर्गवास बृहस्पतिवार, 19 दिसम्बर 2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिन सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 को
**आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल**, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
पर होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**
ब्रह्म भोज - दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी - दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक

**शोकाकुल**
भारत भूषण - संगीता अग्रवाल (भाई-भाभी)
अभिनव - अनीशा अग्रवाल (भतीजा-बहू)
सक्षम अग्रवाल (भतीजा), हैप्पिक अग्रवाल (पौत्र)
अनु चौधरी - सतीश चौधरी (बहन-बहनोई)
रमा अग्रवाल (धर्मपत्नी)
कृष्णा अग्रवाल (सुपुत्र)
वृन्दा अग्रवाल (सुपुत्री)

**प्रतिष्ठान**
गायत्री फिलिंग स्टेशन, भगवानपुर, हरिद्वार (उ.ख.)
लक्ष्य कलेक्शन, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
मोबाइल : 9997852852, 9897215461

# पालिका में नियमित, संविदा सफाई कर्मियों की होगी शिनाख्त

## ईओ ने गड़बड़ी की शिकायत के बाद लिया निर्णय, नाइट शिफ्टिंग में मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य जारी

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** पालिका परिषद् में सफाई व्यवस्था को लेकर चेयरपर्सन के मार्गदर्शन में शुरू अभियान के बीच कंपनी बाग में 400 कर्मियों को साथ लेकर सफाई अभियान व मुख्य मार्गों व बाजारों में नाइट शिफ्टिंग के बाद अब सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मचारियों को जवाबदेह बनाने के लिए पालिका प्रशासन ने पहली बार नियमित और संविदा के आधार पर कार्य कर रहे कर्मियों की भी शिनाख्त कराने की तैयारी की है।

पालिका क्षेत्र में 55 वार्डों में करीब एक हजार सफाई कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें नियमित, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हैं। इसके बावजूद भी सभासदों और आम नागरिकों की सफाई न होने और कर्मचारी पर्याप्त न होने की शिकायत चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को मिलती रही हैं। ऐसे में उनके आदेश पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जीआईसी मैदान पर 369 आउटसोर्स कर्मियों की परेड कराते हुए भौतिक सत्यापन करते हुए वार्डवार उन्हें आई कार्ड जारी किये थे ताकि गड़बड़ी न होने पाये। इसे लेकर ईओ प्रज्ञा सिंह सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व पदाधिकारी व समाज के नेताओं के निशाने पर भी आई, पर उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण विरोध ठंडा पड़ गया। ऐसे में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को शिकायत मिली कि वार्डों में कार्यरत नियमित व संविदा सफाई कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारी ड्यूटी को लेकर गड़बड़ी कर रहे हैं और सफाई नायकों से मिलीभगत करते हुए ये कर्मी ड्यूटी पर या तो आते नहीं, या अपने स्थान पर कम पैसे में दूसरा व्यक्ति छोड़ रखे हैं। इन शिकायतों का संज्ञान लेकर पालिका ने नियमित और संविदा सफाई कर्मचारियों की शिनाख्त के लिए आउटसोर्स कर्मियों की भांति ही परेड कराते हुए भौतिक सत्यापन कराने की तैयारी की है। इनमें करीब 600 नियमित सफाई कर्मचारी शामिल रखे गये हैं। इसकी जानकारी मिलने के साथ सफाई कर्मियों में हलचल है तो वाल्मीकि समाज के नेताओं ने इसके विरोध के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

**इन्होंने कहा-**

**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को लेकर अनेक शिकायत मिलती रही हैं। ऐसे में इन सभी कर्मियों का अब भौतिक सत्यापन कराते हुए इन्हें आईकार्ड वितरित किये जायेंगे ताकि वार्डों के निरीक्षण के दौरान कोई भी गड़बड़ी सामने न आने पाये। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों को जवाबदेह बनाने के लिए दो-तीन दिनों में सत्यापन कराया जायेगा। यदि गड़बड़ी पाई तो ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। वहीं सफाई नायकों की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नाइट शिफ्टिंग का कार्य जारी रहेगा।**

## पालिका ईओ ने गौशाला की परखी व्यवस्था, जलवाए अलाव, अव्यवस्था पर लगाई केयरटेकर को फटकार



**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ जिले में जारी बारिश के बीच पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा कूकड़ा नवीन मंडी में संचालित नंदी ट्रीटमेंट सेंटर एवं अस्थाई गौशाला आश्रय स्थल का इस बीच औचक निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्था को परखने का काम किया। देर रात्रि यहां पहुंची ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कूकड़ा मंडी गौशाला पहुंचकर वहां गौवंशों के रख-रखाव और अन्य व्यवस्थाओं को परखा। इस बीच बारिश और सर्दी में भी यहां पर एक स्थान पर अलाव जलता पाया गया। साथ ही पांच गौवंश बाहर खुले में बंधे हुए मिले, जबकि एक स्थान पर तिरपाल भी नहीं पाया गया। ऐसे में उन्होंने गौशाला के केयर टेकर को मौके पर ही इन अव्यवस्थाओं के लिए हिदायत दी और बाहर बंधे सभी गौवंशों को अंदर आश्रय में इस बीच पहुंचाने के साथ ही पांच स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शहर में निराश्रित गौवंशों को पकड़कर नवीन मंडी कूकड़ा में आश्रय स्थल तक लाने के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गौशाला में 67 गौवंशों की देखरेख की जा रही है, इनमें प्रतिदिन तीन चार गौवंश यहां लाये जा रहे हैं। हरा और सूखा चारा पर्याप्त मात्रा में पाया गया। अलाव के लिए लकड़ी कम होने की शिकायत केयर टेकर ने की तो तत्काल ही लकड़ियों का प्रबंध करते हुए पांच स्थानों पर अलाव जलवाये गये और इनको नियमित रूप से जलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि एक स्थान पर तिरपाल की व्यवस्था कराई गई। रविवार को पांच गौवंश लाये गये थे, जिन्हें खुले में बांध दिया गया था, उन्हें भी सुरक्षित गौशाला में प्रवेश दिलाया गया, ताकि ठंड से बचाव हो सकें।

## पलायन की धमकी के बाद मारपीट के आरोपियों पर मुकदमा हुआ दर्ज




**शाहपुर, 28 दिसम्बर (बु.)।** गांव काकड़ा निवासी एक व्यक्ति ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मारपीट व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का मुकदमा कायम कराया है। क्षेत्र के गांव काकड़ा निवासी हरेंद्र ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि दिनांक 22 दिसंबर को भूपेंद्र ने उसे गांव के कब्रिस्तान पर बुलाया और उसके साथ भूपेंद्र सहित मोनू, दीपक, मुकुल, ऋतिक, विपिन व रोबिन ने मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसका शोर सुनकर गांव का ही सोनू भी मौके पर आ गया, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस दौरान उसकी जेब से करीब चार हजार रुपये भी निकल गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं करने को लेकर पुलिस के प्रति रोष जताया और अपने घर के बाहर परिवार सहित गांव से पलायन करने का बोर्ड लगा दिया था। पुलिस ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## गोल मार्किट बरामदे में अवैध कब्जा करने पर शिवसेना ने जताया आक्रोश



**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** नगर पालिका की संपत्ति गोल मार्किट में दुकानदारों द्वारा किए अवैध कब्जे को लेकर अब शिवसैनिकों ने मोर्चा खोले जाने का ऐलान किया है। दुकानदारों के अवैध कब्जे को निशाने पर लेते हुए बैठक के बूते हिन्दूवादी संगठन के नेताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए इन दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वो स्वयं बरामदा खाली कर दें, अन्यथा की स्थिति में इसे लेकर सड़कों पर आंदोलन किया जायेगा।

शिवसेना पदाधिकारियों की एक बैठक संपर्क कार्यालय शिव चौक तहसील मार्किट पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल व संचालन उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा ने किया। जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने इस बैठक में कहा कि शिवचौक के पास पालिका की गोल मार्किट का जो बरामदा है, उसे दुकानदारों ने पूर्णतया अपने अधिकार में ले लिया है। आज बारिश के कारण देखा गया कि आम नागरिक को इस बरामदे से न होकर भीगते हुए बाहर मजबूरी में निकल कर जाना पड़ रहा था, क्योंकि बरामदे का अतिक्रमण पूर्ण रूप से दुकानदारों ने कर रखा है। ऐसे में किसी भी दिन वहां कोई बड़ी घटना घट सकती है। डॉ. योगेंद्र शर्मा प्रदेश महासचिव ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं ही अतिक्रमण को हटा लें ताकि आम जनता को कोई दिक्कत ना हो। लोकेश सैनी मंडल प्रमुख ने कहा कि यदि दुकानदार अपना सामान दुकानों के अंदर से बाहर रखेंगे तो शिवसेना को मजबूरन अवैध कब्जे को हटवाने के लिए दूसरा रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। हरेंद्र शर्मा ने कहा कि 3 दिन का समय दुकानदारों को दिया जाता है, इसके बाद शिवसेना अपने स्तर से आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रशासन से गोल मार्किट का बरामदा खाली कराने की मांग की। बैठक में राजेश कश्यप, बिट्टू सिखेड़ा, सुशील कुमार, प्रदीप चौधरी, अंकुर खत्री, भारत खोकर आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली: आप की महिला सम्मान योजना पर विवाद, उपराज्यपाल ने दिए जांच के आदेश



**नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली में चुनाव से पहले सियासत में गर्मी देखने को मिल रही है। हाल ही में आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना का ऐलान किया था। पार्टी की ये योजना विवादों में है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए दिए जाएंगे। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम इस समय चल रहा है। अब उपराज्यपाल ने इसी योजना के संबंध में जांच के आदेश दे दिए हैं।

उपराज्यपाल ने पूछा कि दिल्ली में महिला सम्मान योजना को लेकर जो रजिस्ट्रेशन का काम हो रहा है, वह किन नियमों के आधार पर हो रहा है। इस बात को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल ने जांच के आदेश दिए हैं। इस काम के लिए डिविजनल कमिश्नर को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। दिल्ली के सभी जिले के डिवीजनल कमिश्नर इस बात की जांच करेंगे कि उनके इलाके में महिला सम्मान योजना को लेकर जो भी रजिस्ट्रेशन हो रहा है। वह किस आधार पर हो रहा है। सभी डिविजनल कमिश्नर से इस बारे में जल्द ही एक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी योजना नहीं है। रजिस्ट्रेशन कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विज्ञापन जारी कर लोगों से आग्रह किया गया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पिछले दिनों इस योजना के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी थी।

महिला और स्वास्थ्य विभाग ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर कहा है कि ये योजनाएं उनके पास अधिसूचित नहीं है। अधिसूचित होने पर दिल्ली सरकार स्वयं इसके लिए पोर्टल शुरू करेगी और पंजीकरण कराएगी। योजना की जांच पर हुए आदेश के बाद आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर हमला बोला है। आप ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में महिला सम्मान योजना रोकना चाहती है। वे महिलाओं का सम्मान ही नहीं करते हैं। इस तरह के फैसले बता रहे हैं कि बीजेपी ने दिल्ली चुनाव से पहले ही यहां अपनी हार मान ली है। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना के अब तक 22 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। आम आदमी पार्टी की तरफ से वादा किया गया है कि इस योजना के तहत 18 साल से ऊपर की पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये दिए जाएंगे। अगर 2025 में आम आदमी पार्टी को जीत मिलती है तो यह 1000 से बढ़ाकर 2100 कर दी जाएगी।

## लगातार चोरी की वारदात कर पुलिस को चुनौती दे रहे बदमाश

### मुर्गी फार्म पर धावा बोलकर चोरों ने किया जनरेटर, हैरो, टीलर समेत लाख का माल चोरी

**भोपा, 28 दिसम्बर (बु.)।** सर्द रातों में चोरों के नाम का खूब डंका बज रहा है। मुर्गी फार्म पर धावा बोलकर चोरों ने जनरेटर, हैरो, टीलर समेत लाख का माल चोरी कर लिया। सर्दी बढ़ते ही अंधेरी रातों में चोरों की बारात अब पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। रोजमर्रा ही चोरी की घटनायें सामने आ रही है। इनमें से कुछ को तो पुलिस हजम करने में कामयाब भी हो रही है।

बरसों से ही यह ट्रेंड रहा है कि सर्द रातों में चोरी की घटनाओं में एकाएक इजाफा होता है। पहले इन वारदातों को लेकर पुलिस कार्य योजना बनाकर काम करती थीं, मगर बीते कुछ दिनों से पुलिस चोरियों की घटनाओं को लेकर उतनी गंभीर नहीं है, जितना उसे होना चाहिए था। अधिकारियों के संरक्षण के चलते थाना पुलिस का हाजमा लगातार बढ़ता जा रहा है। डकैती और लूट की घटनाओं को बड़ी ही बेशर्मी से चोरी में दर्ज करने से भी पुलिस बाज नहीं आ रही है। भोपा क्षेत्र के सीकरी गांव में शुक्रवार रात चोरों ने एक मुर्गी फार्म पर जमकर तांडव किया। बताया गया है कि सीकरी में मंजर रहीस का बड़ा मुर्गी फार्म है। चोरों ने रात्रि में मुर्गी फार्म में घुसकर लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

चोर यहां से जनरेटर, टीलर, हैरो, रोलर, डोलर आदि सामान भरकर ले गये है। चोरी की खबर शनिवार सुबह लगी, तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों का जमघट लग गया। सूचना पर भोपा पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मुर्गी फार्म संचालक ने बताया कि चोर यहां से कई लाख रुपए का माल समेटकर ले गये है। जाहिर है कि चोर कोई न कोई वाहन लेकर आये थे, क्योंकि जो सामान चोरी हुआ है, वो बिना किसी वाहन के ले जाना मुमकिन नहीं है। पुलिस ने इसी हिसाब से आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि यह पता चल सके कि चोर किस वाहन से आये थे। वाहन के नम्बर के आधार पर चोरों तक पहुंचना पुलिस के लिए आसान हो जायेगा।

## सेना ने गुलमर्ग में हिमपात में फंसे पर्यटकों को बचाया

**श्रीनगर, 28 दिसंबर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई भारी हिमपात के कारण बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में फंसे पर्यटकों को सेना के चिनार कोर के जवानों ने सुरक्षित निकला लिया। सेना ने नागरिक प्रशासन से प्राप्त संकट कॉल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए भारी हिमपात में फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित वहां से निकालने का काम शुरू किया। सेना ने एक त्वरित और समन्वित प्रयास में 30 महिलाओं, 30 पुरुषों और आठ बच्चों सहित 68 नागरिकों को निकाला। इसके अतिरिक्त, सेना ने 137 पर्यटकों को गर्म भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता प्रदान करके महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''गुलमर्ग के पर्यटन स्थल में अभूतपूर्व भारी हिमपात और उसके बाद तंगमर्ग के लिए सड़क बंद होने के कारण फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए नागरिक प्रशासन की ओर से की गई संकटपूर्ण कॉल पर चिनार वारियर्स ने त्वरित कार्रवाई की।'' उन्होंने कहा कि कि हिमपात में फंसे 30 महिलाओं, 30 पुरुषों और आठ बच्चों सहित 68 नागरिकों को निकालने में सहायता प्रदान की, साथ ही कुल 137 पर्यटकों के लिए गर्म भोजन, आश्रय और दवा उपलब्ध कराई।'' गौरतलब है कि घाटी में लंबे समय से हिमपात का इंतजार शुक्रवार दोपहर का खत्म हुआ।

# मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी



**मणिपुर, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है, जहां एक बार फिर सशस्त्र समूहों के बीच फिर गोलीबारी हुई। मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में शुक्रवार को पहाड़ी क्षेत्र से हथियारबंद समूह ने जिले के सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में बंदूक और बमों से हमला किया। सुरक्षा बलों ने हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। इसके बाद सुरक्षाबलों और हथियारबंद गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग घायल हो गए।

इसके साथ ही सीआरपीएफ कर्मियों सहित सुरक्षा बलों ने फायरिंग के दौरान फंसी कई महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। वहीं इस मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सनसाबी गांव में हुई गोलीबारी में हरिदास (37) नामक पुलिसकर्मी के बाएं कंधे पर गोली लगी और उसे दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया। मुठभेड़ के दौरान एक अन्य ग्राम स्वयंसेवक के हाथ में मामूली चोटें आईं, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव के स्वयंसेवक पहाड़ी इलाकों से आए हथियारबंद लोगों के खिलाफ मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के साथ शामिल हुए थे। अधिकारी ने आगे बताया कि पहाड़ियों की चोटी से हथियारबंद गिरोह के लोगों ने सुबह करीब 10.45 बजे सनसाबी गांव और आस-पास के इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी और बम फेंकने शुरू कर दिए। फायरिंग शुरू होते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पहाड़ी इलाकों से हो रही गोलीबारी पर सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अधिकारी ने बताया, हथियारबंद समूह ने सुबह करीब 11.30 बजे थमनापोकपी गांव पर भी हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को ही इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमेइरोंग इलाके में एक डॉक्टर के घर के परिसर में एक हैंड ग्रेनेड फेंकने का मामला सामने आया। हथगोले के साथ केसीपी (पीडब्ल्यूजी) की आखिरी चेतावनी लिखा एक नोट भी मिला है। उन्होंने बताया कि यह धमकी जबरन वसूली से संबंधित हो सकती है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल दो उग्रवादियों को बृहस्पतिवार को जिले के अवांग वानागई लमखाई इलाके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो मोबाइल हैंडसेट और अन्य सामग्री जब्त की गई।

## महिला की हत्या करने के बाद शव बोरी में भरकर हाईवे किनारे फेंका

**बाराबंकी, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** वृद्धा पेंशन के लिए घर से निकली महिला की हत्या कर शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे किनारे फेंक दिया गया। पुलिस ने सुबह बोरी के अंदर मिले आधार कार्ड से मृतका की पहचान की। उनके सिर पर गहरी चोट मिली है। जेवर व मोबाइल गायब हैं। पुलिस सगे और सौतेले बेटों से पूछताछ कर रही है।

लोनीकटरा क्षेत्र से होकर निकले लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे किनारे शुक्रवार सुबह हुसैनाबाद चौराहे के पास झाड़ियों में सफेद प्लास्टिक की बोरी में शव पड़ा देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बोरी से बाहर पैर निकले हुए थे। लोनीकटरा पुलिस व सीओ हैदरगढ़ आलोक पाठक फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में मृतका के सिर पर गहरी चोट के निशान मिले। बोरी में आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस पासबुक व गैस कनेक्शन की कॉपी मिली, जिसके आधार पर पहचान तहवापुर गांव निवासी सावित्री (58) के रूप में हुई। पुलिस तत्काल घर पहुंची। पता चला कि सावित्री के पति किशोरीलाल की मौत आठ वर्ष पहले हो चुकी है। किशोरीलाल की पहली शादी सावित्री की बहन सविता से हुई थी। सविता की मौत के बाद किशोरीलाल ने सावित्री से शादी कर ली। पहली पत्नी से दो पुत्र रामनाथ व छविनाथ हैं, जो दूसरे घर में रहते हैं। सावित्री सगे बेटे अयोध्या के साथ रहती थीं। बहू सोनम ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर बाद सावित्री पेंशन निकालने के लिए आधार लेकर गई थीं। उन्हें घर में जीना बनवाने के लिए निर्माण सामग्री की व्यवस्था भी करनी थी। लेकिन, देर रात तक नहीं लौटीं तो सोचा कि भिलवल में अपनी पुत्री के यहां रुक गई होंगी। बहू ने बताया कि सावित्री कान में सोने की टप्स, नाक में नथ, पायल पहनी थीं। उनके पास मोबाइल भी था। हालांकि ये सभी चीजें बोरी से नहीं मिलीं। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उसके बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे।

## हिमाचल में हिमपात ने बढ़ाई मुश्किलें, अप्पर शिमला में 23 सड़कों को किया बंद

**शिमला, 28 दिसंबर (वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में लगातार हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश ने ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया है। पहाड़ी इलाकों में हिमपात ने जहां किसानों और बागवानों को राहत दी है, वहीं जनजीवन पर इसका गहरा असर पड़ा है। सड़कों और राजमार्गों पर बर्फ जमने से सफर जोखिम भरा हो गया है। कई स्थानों पर वाहनों के फिसलने की घटनाएं सामने आई हैं। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों में लगातार हिमपात हो रहा है। नारकण्डा, कु×फरी, चौपाल, जुब्बल में सुबह भी बर्फ गिर रही है। नारकंडा में शिमला-रामपुर एनएच पर वाहनों की आवाजाही जारी है, लेकिन यहां सफर खतरनाक हो गया है। चौपाल उपमंडल में चौपाल-शिमला मार्ग सहित अन्य सात सड़कों पर बर्फ जमने से यातायात बाधित हो रहा है। प्रशासन ने बर्फ हटाने के लिए मशीनरी लगा दी है। पर मौसम की स्थिति से कार्य प्रभावित हो रहा है। जिला प्रशासन के मुताबिक शिमला जिला में हिमपात से 23 संपर्क सड़कें, 51 ट्रांसफॉर्मर और 26 पानी की स्कीमें बंद हैं। उधर लाहौल-स्पीति में पिछले 24 घंटों से भारी हिमपात हो रहा है, जिससे जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। जिले में अब तक डेढ़ फीट तक बर्फ गिर चुकी है। संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं और यातायात बाधित है। प्रशासन की ओर से सड़कों को साफ करने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन खराब मौसम के कारण कठिनाइयां आ रही हैं। किन्नौर जिले में भी आधे से दो फीट तक हिमपात हो चुका है। नेशनल हाईवे और संपर्क मार्ग बर्फ से ढक गए हैं। कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित है। पर्यटन नगरी मनाली के ऊपरी इलाकों में लगातार हिमपात हो रहा है। सोलंग नाला के पास एक वाहन फिसलकर सड़क से नीचे गिर गया। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बर्फबारी के कारण सोलंग नाला के पास करीब 200 वाहन फंसे हुए हैं। प्रशासन ने अटल टनल को बंद कर दिया है और नेहरू कुंड तक ही वाहनों को जाने की अनुमति दी गई है। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्रों पांगी और भरमौर में भी हिमपात जारी है। पांगी मुख्यालय किलाड़ में आठ इंच तक बर्फ गिर चुकी है।

## कश्मीर में भारी हिमपात से हवाई, सड़क और यातायात सेवा बाधित

**श्रीनगर, 28 दिसम्बर (वार्ता)।** कश्मीर में शनिवार को मध्यम से भारी हिमपात के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा, जिससे हवाई, सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ। कश्मीर में शुक्रवार अपराह्न से मध्यम से भारी ताजा हिमपात होने से चारों ओर बर्फ की सफेद चादर दिखाई दे रही है। ताजा भारी हिमपात से हवाई, सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी को देश के अन्य इलाकों से जोड़ने वाला श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग भारी हिमपात के कारण सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नयुग सुरंग के पास भारी बर्फबारी होने के कारण निकासी कार्य में बाधित हो रहा है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सड़कों से बर्फ को हटाने के लिए कर्मियों और आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''मौसम में सुधार होने और सड़क से बर्फ हटाने तक लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गयी है।''अधिकारियों ने बताया कि रात भर हुई बर्फबारी और फिसलन की वजह से राजमार्ग पर कई भारी एवं हल्के वाहन फंसे हुये हैं। हवाई सेवाओं को भी फिलहाल बंद कर दिया गया।

## रूस के कारण हुआ विमान हादसा, पुतिन ने माफी मांगी

**रूस, 28 दिसम्बर (एजेंसी)।** रूस ने शनिवार को माना कि उसके वायु रक्षा बलों ने यूक्रेन के ड्रोन हमलों को विफल करने के प्रयास में अजरबैजान एयरलाइंस के विमान को मार गिराया। क्रेमलिन ने कहा कि विमान रूस के ग्रोज्नी हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास कर रहा था, तभी रूस के कई क्षेत्रों में यूक्रेनी ड्रोन हमले हो रहे थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस हादसे को लेकर माफी मांगी है। कजाखस्तान के अक्तौ में बुधवार की दोपहर करीब 12.30 बजे अजरबैजान एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इसमें 38 लोगों की जान चली गई थी। विमान में चालक दल के पांच सदस्यों सहित 62 लोग सवार थे। यात्री अजरबैजान, रूस, कजाखस्तान और किरगिस्तान नागरिक थे। विमान अजरबैजान की राजधानी बाकू से उड़ान भरने के बाद रूस के दक्षिणी क्षेत्र ग्रोज्नी की ओर जा रहा था। लेकिन विमान एक धमाके के साथ कजाखस्तान के अक्तौ शहर के पास गिर गया था। क्रेमलिन ने इस बात को कबूल किया है कि रूसी वायु रक्षा बल यूक्रेन के सिलसिलेवार ड्रोन हमलों को विफल करने का प्रयास कर रहे थे, उसी समय विमान रूस के ग्रोज्नी में उतरने का प्रयास कर रहा था। विमान अपनी तय उड़ान पर था और इसी बीच मिसाइल की जद में आने के कारण हादसे का शिकार हो गया।

## छेड़छाड़ के आरोपी की परिजनों ने पिटाई की

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के न्यू एसडी मार्केट के सामने युवती से छेड़छाड़ करने पर परिजनों ने आरोपी युवक की पिटाई कर दी। आरोपी को पुलिस को सौंप दिया गया। शनिवार दोपहर न्यू एसडी मार्केट के सामने एक युवती पैदल जा रही थी। आरोप है कि एक युवक उसका पीछा कर रहा था। युवती ने युवक को डांटा, तो युवक ने उसके साथ अभद्रता की। इसी दौरान युवती के परिजन भी वहां जा पहुंचे। परिजनों ने उसकी पिटाई कर दी। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पाकर थाना सिविल लाइन पुलिस भी मौके पर पहुंची। परिजनों ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

**बैठक- नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के विकास खंड बघरा के अंतर्गत न्याय पंचायत कुटबी में एक मत्स्य जीवी सहकारी समिति, खतौला का गठन किया जा रहा है जिसकी बैठक 30 दिसंबर 2024 दिन सोमवार 3:00 बजे ग्राम खतौला में ऋषिपाल जी पुत्र किशन लाल जी के घेर में होनी है। जिसमें मछुआ समुदाय एवं अन्य जो व्यक्ति सदस्य बनने का इच्छुक हो वह अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकता है।**

दिनांक :- 30-12-2024

नाम -प्रवीन कुमार
पिता-श्री महिपाल सिंह
पता-खतौला मुजफ्फरनगर, ब्लॉक-बघरा
तहसील एवं जिला-मुजफ्फरनगर
MOB.: 7505440798

